31 जनवरी 2014

जिला प्रशासन का गांव बलबेहड़ा (खण्ड गुहला) में रात्रि ठहराव कार्यक्रम।

उपलब्धियां

1. राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हर्बल पार्क का शिलान्यास किया गया।

2. स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिनभर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में तैयार चिकित्सकों द्वारा 336 लोगों का उपचार किया गया। इसके अलावा 149 व्यक्तियों के विभिन्न टैस्ट किए गए।

3. जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा 270 वृद्धावस्था, विधवा व विकलांग सम्मान भत्ता पैंशन फार्म स्वीकृत किए गए।

4. राजस्व विभाग द्वारा 110 इंतकाल दर्ज करवाए गए।

5. रक्तदान शिविर में 20 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

6. चुनाव विभाग द्वारा 50 मतदाता फार्म स्वीकृत किए गए।

7. खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 2 नए राशन कार्ड जारी किए गए।

8. नशा मुक्ति केंद्र द्वारा 93 लोगों को परामर्श दिया।

9. बिजली विभाग द्वारा 11 नए कनैक्शन तथा 10 का लोड बढ़ाया गया।

10. कृषि विभाग द्वारा 60 किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर जिंक सल्फेट उपलब्ध करवाया गया।

11. एसडीएम कार्यालय द्वारा 165 लर्नर ड्राईविंग लाईसैंस के फार्म स्वीकृत किए गए।

12. विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 162 व्यक्तियों को कानूनी जानकारी दी गई।